जेके पेपर का मुनाफा मार्च तिमाही में 52% बढ़ा

नई दिल्ली: जेके पेपर लिमिटेड का स्टैंडअलोन प्रॉफिट 31 मार्च 2019 को समाप्त चौथी तिमाही में 52.48 प्रतिशत बढ़कर 112.23 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2017-18 की जनवरी-मार्च अवधि में उसका स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 73.6 करोड़ रुपये था। जेके पेपर ने की ऑपरेटिंग आय मार्च तिमाही में 854.37 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 799.27 करोड़ रुपये था। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष (2018-19) में 63 प्रतिशत बढ़कर 424.94 करोड़ रुपये हो गया। 2017-18 में यह 260.58 करोड़ रुपये पर था।